India की Top Universities में
अपनी Seat Reserve करें
**CUET SCORER** Series के साथ

arihant
SUCCESS AND NOTHING LESS



# NTA CUET (UG)

कॉमन यूनिवर्सिटी एन्ट्रेन्स टेस्ट 2024

# 15 प्रैक्टिस सेट्स

# सामान्य परीक्षण

## (सेक्शन III)

- नवीनतम् सॉल्वड पेपर्स 2023 एवं 2022 सहित
- NTA CUET (UG) के नवीनतम् पाठ्यक्रम एवं परीक्षा पैटर्न पर आधारित

3 ऑनलाइन प्रैक्टिस सेट्स
इंस्ट्रक्शन अन्दर देखें...

NTA

# CUET (UG)

कॉमन यूनिवर्सिटी एन्ट्रेन्स टेस्ट 2024

# 15 प्रैक्टिस सेट्स

# सामान्य परीक्षण

(सेक्शन III)

NTA

# CUET (UG)

कॉमन यूनिवर्सिटी एन्ट्रेन्स टेस्ट 2024

# 15 प्रैक्टिस सेट्स

# सामान्य परीक्षण

## (सेक्शन III)

*लेखक*
संजीव दीक्षित, सुशील सिंह,
पवन सिंह

arihant
SUCCESS AND NOTHING LESS



arihant
SUCCESS AND NOTHING LESS

## अरिहन्त पब्लिकेशन्स (इण्डिया) लिमिटेड

**सर्वाधिकार सुरक्षित**

**© प्रकाशक**

इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनर्प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके—इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरण नहीं किया जा सकता है। 'अरिहन्त' ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं हैं।

*सभी प्रतिवाद का न्यायिक क्षेत्र 'मेरठ' होगा।*

**रजि. कार्यालय**
'रामछाया' 4577/15, अग्रवाल रोड, दरिया गंज, नई दिल्ली- 110002
**फोन:** 011-47630600, 43518550

**मुख्य कार्यालय**
कालिन्दी, टी०पी० नगर, मेरठ (यूपी)– 250002
**फोन:** 0121-7156203, 7156204

**शाखा कार्यालय**
आगरा, अहमदाबाद, बरेली, बंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, झाँसी, कोलकाता, लखनऊ, नागपुर तथा पुणे

**मूल्य** ₹ 165.00

**PO No :** TXT-XX-XXXXXXX-X-XX

*PUBLISHED BY ARIHANT PUBLICATIONS (INDIA) LTD.*

'अरिहन्त' की पुस्तकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **www.arihantbooks.com** पर लॉग इन करें या **info@arihantbooks.com** पर सम्पर्क करें।

**Follow us on...**

# विषय–सुची


**NTA CUET (UG) सॉल्वड पेपर 2023** **3-12**

**NTA CUET (UG) सॉल्वड पेपर 2022** **13-24**

- प्रैक्टिस सेट 1 *27-35*
- प्रैक्टिस सेट 2 *36-45*
- प्रैक्टिस सेट 3 *46-54*
- प्रैक्टिस सेट 4 *55-64*
- प्रैक्टिस सेट 5 *65-73*
- प्रैक्टिस सेट 6 *74-82*
- प्रैक्टिस सेट 7 *83-92*
- प्रैक्टिस सेट 8 *93-102*
- प्रैक्टिस सेट 9 *103-111*
- प्रैक्टिस सेट 10 *112-121*
- प्रैक्टिस सेट 11 *122-131*
- प्रैक्टिस सेट 12 *132-141*
- प्रैक्टिस सेट 13 *142-150*
- प्रैक्टिस सेट 14 *151-159*
- प्रैक्टिस सेट 15 *160-168*


**फ्री 3 ऑनलाइन प्रैक्टिस सेट्स**

**देखें** www.examwitharihant.com

**नोट :** *फ्री प्रैक्टिस सेट्स, 1 नवम्बर 2023 के पश्चात् उपलब्ध होंगे।*

CUET (UG) | Section III

# सॉल्वड पेपर
# (2023-22)

# सॉल्वड पेपर 2023*

**NTA CUET (UG)**
**सामान्य परीक्षण**

**निर्देश**
- दिए गए 60 प्रश्नों में से 50 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जाएगा।
- केवल समीक्षा किए गए प्रश्नों के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा।


**समय :** 60 मिनट
**पूर्णांक :** 250


**1.** दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

12, 37, 110, 331, 992, ?

(a) 2947 (b) 2867 (c) 2877 (d) 2977


**2.** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन करें जो नीचे दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।




(a) (b) (c) (d)

**3.** विकल्पों में से उस आकृति का चयन करें जो प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है (आकृति को घुमाने की अनुमति नहीं है।)



(a) (b) (c) (d)

**4.** उस विकल्प का चयन कीजिए जो पाँचवें पद से उसी प्रकार सम्बन्धित है जिस प्रकार दूसरा पद, पहले पद से सम्बन्धित है और चौथा पद, तीसरे पद से सम्बन्धित है।

USER : USRE : : TIRING : TRNIIG :: DEVOTED : ?

(a) DDEEVTO (b) DOVTEED
(c) VTOEEDD (d) DEDETOV

**5.** 8 लड़के G, H, I, J, K, L, M और N एक वर्गाकार मेज के चारों ओर मेज के केन्द्र की ओर मुख करके (आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में हों) बैठे हैं। चार लड़के कोनों पर बैठे हैं और चार लड़के मेज की भुजाओं के मध्य भाग में बैठे हैं। J, G और H के निकटतम स्थान पर है और वह एक कोने में बैठा है। M, N और K के निकटतम स्थान पर है। L मेज की भुजा के मध्य भाग में बैठा है। G, L के सामने नहीं बैठा है। N, H के दाईं ओर निकटतम स्थान पर बैठा है। I के सामने तिर्यक रूप से कौन बैठा है?

(a) J (b) L (c) N (d) K

**6.** उस विकल्प का चयन करें जो छठी संख्या से उसी प्रकार सम्बन्धित है, जिस प्रकार पहली संख्या दूसरी संख्या से सम्बन्धित है और तीसरी संख्या चौथी संख्या से सम्बन्धित है।

56 : 11 :: 34 : 7 :: ? : 13

(a) 76 (b) 62
(c) 54 (d) 84

**7.** सात महिलाओं W1, W2, W3, W4, W5, W6 और W7 के भारों की तुलना की गई हैं। W4 का भार W7 से अधिक है। W5 का भार केवल तीन महिलाओं से अधिक है और W2 का भार केवल W1 और W3 से कम है। यदि W7 का भार सबसे कम है, तो W6 से अधिक भार वाली महिलाओं की न्यूनतम संख्या क्या होगी?

(a) 2 (b) 3
(c) 1 (d) 4

**8.** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का अनुसरण करता/करते/है/हैं?

**कथन**

कोई भी पीला, हरा नहीं है।
कुछ गुलाबी, पीले हैं।

***स्मृति पर आधारित**

**निष्कर्ष**

I. कोई भी हरा, पीला नहीं है।

II. कुछ पीले, गुलाबी हैं।

III. सभी हरे, गुलाबी हैं।


(a) निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं

(b) निष्कर्ष I, II और III अनुसरण करते हैं

(c) निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं

(d) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है

**9.** एक कागज को मोड़ने का क्रम, और मोड़े गए कागज को काटे जाने का तरीका, नीचे दी गई आकृतियों में प्रदर्शित किया गया है। खोले जाने पर यह कागज किस प्रकार का दिखाई देगा?




**10.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'TAPE' को '4825', 'SHART' को '93814' और 'TUBE' को '4675' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'E' अक्षर का कूट क्या होगा?

(a) 8 (b) 4

(c) 5 (d) 6

**11.** दिए गए समीकरण को सन्तुलित करने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदलना चाहिए?

$20 \div 6 + 10 - 5 \times 2 = 2$

(a) 10 और 20

(b) 5 और 6

(c) 5 और 10

(d) 6 और 10

**12.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से अलग शब्द युग्म चुनिए।


(a) क्रोकरी-कप

(b) कीट-तितली

(c) उभयचर-मेंढक

(d) कृंतक-छिपकली


**13.** नीचे दी गई आकृति में कितने त्रिभुज है?



(a) 22 (b) 19

(c) 21 (d) 20

**14.** कितने काँच, फोन और कलम दोनों हैं?




(a) 24 (b) 11 (c) 15 (d) 13

**15.** उस विकल्प को चुनिए जो पाँचवे शब्द से उसी प्रकार सम्बन्धित है जैसे दूसरा शब्द पहले शब्द से सम्बन्धित है और चाथा शब्द तीसरे शब्द से सम्बन्धित है।

ट्रक : वाहन : : बर्गर : भोजन : : गिलास : ?

(a) क्रॉकरी (b) किराना

(c) इलेक्ट्रानिक्स (d) फर्नीचर

**16.** W, X का भाई है। V, W का पिता है। X, Z का पति है। Z, A की बहन है। Z का ससुर कौन है?

(a) X (b) V

(c) A (d) W

**17.** दिए गए शब्दों को शब्दकोश के क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए।

1. Mayor 2. Maybe

3. May 4. Mayst

5. Mayfly

(a) 3, 2, 1, 4, 5 (b) 3, 2, 4, 5, 1

(c) 3, 2, 1, 5, 4 (d) 3, 2, 5, 1, 4

**18.** एक अनुक्रम दिया गया है जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से उस सही विकल्प को चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करेगा।

DMQ, HUZ, LCI, PKR, ?

(a) TMO (b) TSB (c) TSA (d) TRA

**19.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से अलग अक्षर/अक्षरों को चुनिए।

(a) PLH (b) ZVR

(c) KGC (d) TPK

**20.** नीचे एक ही पासे की चार अलग-अलग स्थितियों को दर्शाया गया है जिनके छः फलकों पर 1 से 6 तक संख्याएँ अंकित है। उस संख्या को चुनिए जो '1' वाले फलक के सम्मुख फलक पर आएगी।

(a) 6 (b) 4

(c) 2 (d) 5

**21.** एक गोले की त्रिज्या और एक बेलन के आधार की त्रिज्या बराबर है। बेलन के आधार की त्रिज्या और बेलन की ऊँचाई का अनुपात 3 : 4 है। गोले के आयतन और बेलन के आयतन का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 1 : 2 (b) 27 : 64
(c) 9 : 16 (d) 1 : 1

**22.** किसी वस्तु को 25% की छूट पर बेचने से 15% की हानि होती है। यदि वस्तु को उसके अंकित मूल्य पर बेचा जाता, तो कितने प्रतिशत लाभ प्राप्त होता? (2 दशमलव स्थान तक पूर्णांकित उत्तर दीजिए।)

(a) 13.33% (b) 15.66%
(c) 12.66% (d) 10.22%

**23.** सोनू एक कार्य को 15 दिनों में पूरा कर सकता है, मोनू उस कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकता है और टीपू उस कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकता है। सोनू, मोनू और टीपू साथ मिलकर उस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

(a) 10 दिन (b) 5 दिन (c) 8 दिन (d) 4 दिन

**24.** निम्न में से वह सबसे बड़ी संख्या कौन-सी है जिससे 342 और 480 को विभाजित करने पर शेषफल क्रमश: 6 और 4 बचते हैं?

(a) 14 (b) 4 (c) 7 (d) 28

**25.** एक कक्षा की आठ लड़कियों की औसत आयु $y$ वर्ष है। $y+3$, $y-6$, $y+15$, $y+8$ और $y+6$ आयु (वर्ष में) वाली 5 नई लड़कियाँ कक्षा में शामिल होती हैं। अब कक्षा की लड़कियों की औसत आयु कितनी है?

(a) $(y+3)$ वर्ष (b) $(y+6)$ वर्ष
(c) $(y+1)$ वर्ष (d) $(y+2)$ वर्ष

**26.** निम्न तालिका में दिए गए आँकड़ों के अनुसार, 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों और 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात क्या है?

| आयु-वर्ग | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| 6-9 | 14 |
| 9-12 | 26 |
| 12-15 | 18 |
| 15-18 | 12 |
| 18-21 | 17 |
| 21-24 | 7 |

(a) 35 : 27 (b) 5 : 9
(c) 4 : 3 (d) 35 : 12

**27.** निम्न समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आ सकती है?

$8^2 + 16^2 - 19^2 = ?^3 - 257$

(a) 6 (b) 8 (c) 9 (d) 2

**28.** ₹ 32000 की राशि पर समान वार्षिक दर से 2 वर्षों में प्राप्त साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज का अन्तर ₹ 80 है। ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होने की स्थिति में चक्रवृद्धि ब्याज की दर ज्ञात कीजिए।

(a) 8% वार्षिक
(b) 12% वार्षिक
(c) 5% वार्षिक
(d) 2% वार्षिक


**29.** 2 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। विजयी उम्मीदवार को वैध मतों के 52% मत प्राप्त हुए और वह 360 मतों के अन्तर से जीत गया। यदि 10% मतों को अवैध घोषित कर दिया गया था, तो डाले गए कुल मतों की संख्या कितनी थी?

(a) 8000
(b) 11000
(c) 10000
(d) 12000

**30.** प्रकाश ने 2 वस्तुएँ खरीदीं, जिनमें से प्रत्येक का मूल्य समान था। उसने एक वस्तु को 20% के लाभ पर और दूसरी वस्तु को 25% के लाभ पर बेचा। उसे कुल कितने प्रतिशत लाभ प्राप्त हुआ?

(a) 16.5% (b) 22.5%
(c) 24.5% (d) 37.5%

**31.** नीचे दिया गया बार ग्राफ नियॉन लैम्पों के जीवनकाल (घण्टों में) के बारे में जानकारी प्रदान करता है। दिए गए बार ग्राफ का अध्ययन कीजिए और उससे सम्बन्धित प्रश्न का उत्तर दीजिए।




उन लैम्पों की संख्या ज्ञात कीजिए जिनका जीवनकाल 600 घण्टे से अधिक लेकिन 900 घण्टे से कम है।


(a) 270 (b) 305
(c) 245 (d) 180

**32.** एक शिक्षक $\frac{1}{3} : \frac{1}{5} : \frac{1}{6} : \frac{1}{4}$ के अनुपात में अपने चार छात्रों के बीच कुछ टॉफियाँ बाँटता है। शिक्षक के पास न्यूनतम कितनी टॉफियाँ होनी चाहिए, ताकि किसी भी टॉफी को बाँटने के लिए उसे तोड़ना न पड़े?

(a) 76 (b) 71
(c) 77 (d) 57

**33.** निम्न पाई-चार्ट का अध्ययन करें और उसके आधार पर दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

**जनवरी 2020 में विभिन्न बैंकों में स्केल-I अधिकारियों का प्रतिशत**




**सभी छः बैंकों में स्केल-I अधिकारियों की कुल संख्या = 500**

बैंक D, E और F में स्केल-I के अधिकारियों की औसत संख्या कितनी है?

(a) 90 (b) 85 (c) 75 (d) 80

**34.** एक बन्द घन का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल एक वर्ग के क्षेत्रफल से 128 सेमी$^2$ अधिक है। यदि घन की प्रत्येक भुजा की लम्बाई 8 सेमी है, तो वर्ग की प्रत्येक भुजा की लम्बाई कितनी होगी?

(a) 18 सेमी (b) 16 सेमी
(c) 12 सेमी (d) 9 सेमी

**35.** आशु की चाल विशु की चाल से 15 किमी/घण्टा अधिक है। वे एक ही समय पर एक ही दिशा में चलना शुरू करते हैं, लेकिन आरम्भ में विशु, आशु से कुछ दूरी आगे था। यदि आशु उनके चलने के 6 घण्टे बाद विशु को पार करता है, तो उनके बीच आरम्भिक दूरी ज्ञात कीजिए।

(a) 45 किमी (b) 80 किमी
(c) 90 किमी (d) 60 किमी

**36.** दस संख्याओं का औसत 24 है। यदि प्रत्येक संख्या को 2 से विभाजित कर दिया जाए, तो नया औसत क्या होगा?

(a) 12 (b) 6
(c) 20 (d) 5

**37.** $\frac{\cos(50° + A) - \sin(40° - A)}{\cos 40° \sec 40°}$ का मान क्या है?

(a) 2 (b) 1
(c) 0.5 (d) 0

**38.** एक व्यक्ति का व्यय और बचत 4 : 3 के अनुपात में है। उसकी बचत उसकी आय के $\frac{1}{5}$ के बराबर बढ़ जाती है और आय समान रहती है। उसके व्यय और बचत का नया अनुपात क्या है?

(a) 12 : 17 (b) 15 : 13
(c) 14 : 17 (d) 13 : 22

**39.** यदि $4 \cot A = 5$, तो $6 \sec A \tan A$ का मान क्या है?

(a) $\frac{3}{2}\sqrt{41}$ (b) $\frac{20\sqrt{41}}{21}$
(c) $\frac{24\sqrt{41}}{25}$ (d) $\frac{25\sqrt{41}}{24}$

**40.** एक नाव धारा के विपरीत 9 घण्टे में 36 किमी की दूरी तय करती है और धारा के अनुकूल समान दूरी 3 घण्टे में तय करती है। शान्त जल में नाव की चाल क्या है?

(a) 10 किमी/घण्टा (b) 14 किमी/घण्टा
(c) 6 किमी/घण्टा (d) 8 किमी/घण्टा

**41.** भारतीय संविधान ने ………… के संविधान से 'संविधान में संशोधन की प्रक्रिया' गृहीत की है।

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) फ्रांस
(c) दक्षिण अफ्रीका (d) यूनाइटेड किंगडम

**42.** एलेलाक्कराडी (Elelakkaradi) किस भारतीय राज्य का आदिवासी नृत्य है?

(a) केरल (b) गोवा
(c) झारखण्ड (d) राजस्थान

**43.** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत क्या था? (अनुमानित परास बताएँ।)

(a) 40% से 45% के बीच
(b) 30% से 35% के बीच
(c) 20% से 25% के बीच
(d) 10% से 15% के बीच

**44.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कठोर, संरन्ध्र और काला पदार्थ है। यह कार्बन का लगभग शुद्ध रूप है?

(a) बिटूमेन (b) कोल तार
(c) कोक (d) कोयला गैस

**45.** आयतन के अनुसार, वायु में नाइट्रोजन का प्रतिशत लगभग ………… है।

(a) 78% (b) 82% (c) 76% (d) 74%

**46.** गोरखपुर भारत के …………… रेलवे का मुख्यालय है।

(a) पूर्वी (b) पश्चिमी
(c) उत्तर-पूर्वी (d) उत्तरी

**47.** निम्नलिखित में से कौन-सी कृति प्रसिद्ध भारतीय लेखक खुशवन्त सिंह की है?

(a) सैक्रेड गेम्स (b) द गाइड
(c) ट्रेन टू पाकिस्तान (d) ए सुटेबल बॉय

**48.** प्लासी के युद्ध में सिराजुद्दौला की हार का मुख्य कारण क्या था?

(a) सेनापति मीर जाफर के नेतृत्व वाली सेना ने युद्ध में भाग नहीं लिया।
(b) सिराजुद्दौला के प्रधानमंत्री ने अंग्रेजों के स्थान की गलत सूचना दी।
(c) अंग्रेजों ने सिराजुद्दौला की सेना की खाद्य आपूर्ति बन्द कर दी और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया।
(d) अंग्रेजों को सिराजुद्दौला के महल में प्रवेश करने का गुप्त रास्ता पता था।

**49.** निम्नलिखित में से कौन-सी भारत की सबसे ऊँची पर्वत चोटी है?

(a) नन्दा देवी (b) नमचा बरवा
(c) कामेट (d) मकालु

**50.** मॉर्ले-मिण्टो सुधारों की शुरुआत के समय भारत का वायसरॉय कौन था?
(a) लॉर्ड वेवेल (b) लॉर्ड एटली
(c) लॉर्ड मिण्टो (d) लॉर्ड लिनलिथगो

**51.** इल्बारी वंश (दिल्ली सल्तनत) का प्रथम शासक कौन था?
(a) रजिया सुल्तान (b) गयासुद्दीन तुगलक
(c) कुतुबुद्दीन ऐबक (d) इल्तुतमिश

**52.** समशीतोष्ण घास के मैदान ………… की खेती के लिए आदर्श होते हैं।
(a) अंगूर (b) सेब (c) गेहूँ (d) कपास

**53.** उपाधियों का उन्मूलन किसके अन्तर्गत आता है?
(a) सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार
(b) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(c) स्वतंत्रता के अधिकार
(d) समता के अधिकार

**54.** किसी मोमबत्ती की ज्वाला के पूर्ण दहन के बाह्य क्षेत्र का रंग कैसा होता है?
(a) काला (b) नारंगी
(c) नीला (d) पीला

**55.** निम्नलिखित में से किस तारामण्डल को शिकारी भी कहा जाता है?
(a) लिओ मेजर (b) कैसियोपिया
(c) सप्तर्षि (d) ओरॉयन

**56.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक बर्हिजनित बल है?
(a) भूस्खलन (b) भूकम्प
(c) ज्वालामुखी (d) पवन

**57.** माँग के नियम के अनुसार, किसी वस्तु के लिए उपभोक्ता की माँग ……… होनी चाहिए।
(a) वस्तु की आपूर्ति से प्रतिलोमत: सम्बद्ध
(b) वस्तु की कीमत से प्रत्यक्षत: सम्बद्ध
(c) वस्तु की आपूर्ति से प्रत्यक्षत: सम्बद्ध
(d) वस्तु की कीमत से प्रतिलोमत: सम्बद्ध

**58.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची की संघ सूची के अंतर्गत नहीं आता है?
(a) मादक लिकर
(b) बैंकिंग
(c) डाक और तार
(d) राज्यों के लेखाओं की संपरीक्षा

**59.** मोहिनीअट्टम भारत के ……… से सम्बन्धित है, जिसका नाम पौराणिक दिव्य (enchantress) मोहिनी से लिया गया है।
(a) केरल (b) उड़ीसा
(c) मध्य प्रदेश (d) महाराष्ट्र

**60.** अहमदाबाद में पहली सूती कपड़ा मिल किस वर्ष शुरू हुई थी?
(a) 1861 (b) 1854
(c) 1851 (d) 1867

## सही *विकल्प*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (d) | **2.** (d) | **3.** (b) | **4.** (c) | **5.** (c) | **6.** (a) | **7.** (d) | **8.** (a) | **9.** (c) | **10.** (c) |
| **11.** (b) | **12.** (d) | **13.** (c) | **14.** (b) | **15.** (a) | **16.** (b) | **17.** (d) | **18.** (c) | **19.** (d) | **20.** (c) |
| **21.** (d) | **22.** (a) | **23.** (d) | **24.** (d) | **25.** (d) | **26.** (d) | **27.** (a) | **28.** (c) | **29.** (c) | **30.** (b) |
| **31.** (c) | **32.** (d) | **33.** (d) | **34.** (b) | **35.** (c) | **36.** (a) | **37.** (d) | **38.** (d) | **39.** (c) | **40.** (d) |
| **41.** (c) | **42.** (a) | **43.** (b) | **44.** (c) | **45.** (a) | **46.** (c) | **47.** (c) | **48.** (a) | **49.** (a) | **50.** (c) |
| **51.** (c) | **52.** (c) | **53.** (d) | **54.** (c) | **55.** (d) | **56.** (d) | **57.** (d) | **58.** (a) | **59.** (a) | **60.** (a) |

# संकेत एवं हल

**1.** *(d)* दी गई शृंखला निम्न प्रकार है

12   37   110   331   992   [2977]

×3+1   ×3−1   ×3+1   ×3−1   ×3+1

$\therefore ? = 2977$

**2.** *(d)* दी गई आकृति शृंखला के प्रत्येक अगले पद में एक पिन दाएँ ओर बढ़ रहा है। पिन का शीर्ष प्रत्येक बार पिछले पिन से विपरीत होता है।

इस प्रकार शृंखला में प्रश्न चिह्न के स्थान पर उत्तर आकृति (d) आएगी।

**3.** *(b)* उत्तर आकृति (b) प्रश्न आकृति में प्रश्न चिह्न को प्रतिस्थापित कर सकती है।


**4.** *(c)* यहाँ शब्दों को वर्णमाला के विपरीत क्रम में कूट किया गया है।

जिस प्रकार, USER → USRE


तथा TIRING → TRNIIG

उसी प्रकार, DEVOTED → [VTOEEDD]

**5.** *(c)* दी गई जानकारी के अनुसार,




या




उपरोक्त से स्पष्ट है कि I के सामने तिर्यक N या H है।

**6.** *(a)* जिस प्रकार,

$56 : 11 \Rightarrow 5 + 6 = 11$

$34 : 7 \Rightarrow 3 + 4 = 7$

उसी प्रकार,

$? : 13 \Rightarrow 7 + 6 = 13$

$\therefore \quad ? = 76$

**7.** *(d)* प्रश्नानुसार,

W4 > W7

W5 > तीन महिलाएँ


W1 और W3 > W2

W7 – सबसे कम

∴ W1 और W3 > W2 > W5 > W6 > W4 > W7

अत: W6 से अधिक भार वाली महिलाओं की न्यूनतम संख्या 4 है।

**8.** *(a)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✓)   II. (✓)   III. (✗)

अत: निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।

**9.** *(c)* प्रश्न आकृति के अनुसार, कागज को मोड़कर काटने के पश्चात् खोलने पर उत्तर आकृति (c) प्राप्त होगी।

**10.** *(c)* जिस प्रकार,

| T | A | P | E | | S | H | A | R | T |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 4 | 8 | 2 | 5 | | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 |

और

| T | U | B | E |
|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 4 | 6 | 7 | 5 |

यहाँ अक्षर E का कूट 5 है।

**11.** *(b)* दिया गया व्यंजक है

$20 \div 6 + 10 - 5 \times 2 = 2$

5 और 6 को आपस में बदलने पर,

$20 \div 5 + 10 - 6 \times 2 = 2$

$4 + 10 - 6 \times 2 = 2$


$4 + 10 - 12 = 2$

$14 - 12 = 2$

$2 = 2$

**12.** *(d)* दिए गए विकल्पों में 'कृंतक-छिपकली' अलग शब्द युग्म है। क्योंकि अन्य सभी में प्रथम शब्द वर्ग समूह है तथा दूसरा शब्द समूह का एक प्रणाली है। जबकि विकल्प (d) ऐसा नहीं है।

**13.** *(c)* दिए गए आकृति में बिन्दुओं का नाम रखने पर,




त्रिभुजों के नाम ΔABH, ΔAHG, ΔAEG, ΔDGE, ΔDGF, ΔDFC, ΔHGF, ΔBHF, ΔBAG, ΔAGF, ΔGFB, ΔFBA, ΔGAD, ΔEDF, ΔHDF, ΔBDF, ΔBAD, ΔBDC, ΔAFD, ΔAFE, ΔEFD

अत: कुल त्रिभुजों की संख्या = 21